दिनांक : 05.09.2024

समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपालए प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :—

- शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 82 शिक्षकों को किया सम्मानित।
- प्रधानमंत्री ब्रुनेई और सिंगापुर की सफल यात्रा के बाद भारत के लिए हुए रवाना।
- योजनाओं का लाभ देने के लिए जनजातीय विभाग सभी जिला और विकासखंड में समर्पित हेल्प डेस्क करेगा स्थापित।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हुई बारिश, मौसम विभाग ने 9 जिलों के लिए किया भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी।

**राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस बात पर बल दिया है कि शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों को इस तरह पढ़ाना चाहिए कि वे हमेशा महिलाओं की गरिमा के अनुरूप व्यवहार करें। राष्ट्रपति आज शाम नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने शिक्षा को समावेशी बनाने के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल विकास पर विशेष बल दिया गया है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। इस समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

**प्रधानमंत्री- सिंगापुर वार्ता**

**भारत और सिंगापुर ने स्वास्थ्य और औषधि, शिक्षा और कौशल विकास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, तथा भारत सिंगापुर सेमीकंडक्टर प्रणाली साझेदारी के क्षेत्रो में सहयोग के लिए चार सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनो देश अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक ले जाने पर भी सहमत हुए हैं जिससे**

**भारत की एक्ट ईस्ट नीति को बढावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लारेंस वॉग के बीच आज हुई प्रतिनिधि मंडल स्तर की वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया। सिंगापुर में वार्ता के दौरान दोनो नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और दोनो देशों के बीच व्यापार और निवेश के विस्तार का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सिंगापुर का भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 160 अरब अमरीकी डॉलर का निवेश है और वह भारत का अग्रणी आर्थिक साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत में तेज और सतत वृद्धि ने सिंगापुर की संस्थाओं के लिए निवेश के आपार अवसर खोल दिए हैं।** प्रधानमंत्री सिंगापुर की सफल यात्रा के बाद भारत के लिए रवाना हो गये हैं।

**शिवराज बाढ़**

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरे पर है। आज श्री चौहान ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए प्रकाशम बैराज का निरीक्षण कर स्थिति की जानकारी ली। साथ ही अजीत सिंह नगर, अंबापुरम सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। श्री चौहान ने कल तेलंगाना के बाढ़ प्रभावित खम्मम जिले और अन्य इलाकों का दौरा करेंगे। इस दौरान वह बाढ़ प्रभावित इलाकों में हुए नुकसान का आकलन करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और फसल नुकसान का आकलन करने के लिए प्रभावित लोगों से वार्ता भी करेंगे। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता देगी।**

**जम्मू-कश्मीर तीसरे चरण अधिसूचना**

**निर्वाचन आयोग ने आज जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। तीसरे और अंतिम चरण में कुपवाड़ा, बारामूला, बांदीपोरा, उधमपुर, कठुआ, सांबा और जम्मू जिलों की कुल 40 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में कश्मीर संभाग में 16 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर है। नामांकन**

पत्रों की जांच 13 सितम्बर को होगी। 17 सितंबर तक नाम वापस लिए जाएंगे। मतदान पहली अक्टूबर को होगा।

## राज्यसभा सदस्य शपथ

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, भाजपा नेता मनन कुमार मिश्रा और ममता मोहंता, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेंद्र कुशवाहा और एनसीपी नेता नितिन लक्ष्मणराव जाधव को शपथ दिलाई गई।

## मुख्यमंत्री संबोधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक प्रगति के मार्ग पर पूरी रफ्तार के साथ दौड़ रहा है। अधोसंरचना का काम रीढ़ की हड्डी की तरह होता है, जिस पर आर्थिक और समावेशी विकास की नीतियां आकार लेती है। प्रौद्योगिकी की ताकत को पहचाने, इसका सदुपयोग कर समाज हित में संकल्प को पूर्णता प्रदान करे ताकि इस पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ी भी लाभान्वित हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को उज्जैन से भोपाल में निर्माण उद्योग विकास परिषद द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेंस को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नें "अधोसंरचना निर्माण में नवाचारों का समावेश" विषय पर आयोजित कॉन्फ्रेंस का उज्जैन से वर्चुअली शुभारंभ भी किया।

## जनजातीय डेस्क

जनजातीय वर्ग के समग्र विकास एवं कल्याण के लिये केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनायें एवं कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। शासन की विकास योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों का सीधा लाभ एक ही स्थान से उपलब्ध कराने के लिये जनजातीय कार्य विभाग के सभी जिला एवं विकासखण्ड कार्यालयों में एक ‘समर्पित हेल्प डेस्क’ स्थापित की जायेंगी। यह समर्पित डेस्क सिंगल

**विन्डो की तरह काम करेंगी। समर्पित डेस्क आवेदकों से आवेदन भी लिये जायेंगे। विभाग के सभी सहायक आयुक्त कार्यालय एवं सभी जनजातीय ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में यह समर्पित डेस्क स्थापित की जायेंगी। उप सचिव मीनाक्षी सिंह ने डेस्क स्थापित करने के निर्देश जारी कर दिये हैं। सुश्री सिंह ने अधिकारियों को अपने कार्यालय में हेल्प डेस्क का बोर्ड लगाकर इसका जिले एवं विकासखंडों में व्यापक प्रचार-प्रसार भी करने को कहा है, ताकि जनजातीय वर्ग के सभी लोग हेल्प डेस्क के जरिये सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ ले सकें।**

## लोक अदालत

**प्रदेश के सभी जिलों में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि लोक अदालत में निराकरण होने वाले प्रकरणों में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी।**

मौसम

प्रदेश में ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में अधिकांश स्थानों पर पिछले 24 घंटों में वर्षा दर्ज की गई। बीना में सर्वाधिक 98.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का दौर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटों में भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने सिंगरौली, रीवा, सतना, बालाघाट सहित 9 जिलों के लिए भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही भोपाल, इन्दौर, रायसेन, मंडला, छतरपुर सहित कई अन्य जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- **दिगम्बर जैन समाज के पर्युषण पर्व 8 सितम्बर से शुरू हो रहे हैं। आत्म शुद्धि के महापर्व को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए समाज की सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ सम्पूर्ण जैन समाज ने तैयारियां शुरू कर दी है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के तहत आगरमालवा जिले में 1 से 8 सितंबर 2024 तक मनाये जा रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की शालाओ में लघु नाटिका, रैली, डोर टू डोर सर्वे, साक्षरताव संगोष्ठी, निबंध प्रतियोगिताएं आदि जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।**

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 82 शिक्षकों को किया सम्मानित।
- प्रधानमंत्री ब्रुनेई और सिंगापुर की सफल यात्रा के बाद भारत के लिए हुए रवाना।
- योजनाओं का लाभ देने के लिए जनजातीय विभाग सभी जिला और विकासखंड में समर्पित हेल्प डेस्क करेगा स्थापित।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हुई बारिश, मौसम विभाग ने 9 जिलों के लिए किया भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी।

....................